तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 छुईहा में राज्य उत्सव कबड्डी स्पर्धा ठाकुरीपाली...



12 जय ठाकुर देव गौ तीर्थ सेवार्थ गौठान में मवेशियों की...



## खबर संक्षेप

### गढ़सिवनी में बाइक चोरी, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** बाइक को खड़ी कर खेत की ओर गए किसान की बाइक चोरी हो गई। मामला तुमगांव थाने क्षेत्र के ग्राम गढ़सिवनी का है। पुलिस को द्रोण साहू ने बताया कि 3 नवंबर की सुबह 10 बजे वह अपनी मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स क्र. सीजी 06 जीसी 5610 से परसाडीह रोड डुमरहा खार गया था। बाइक को उसने भागवत सोनकर के घर के सामने रखा था। करीब 11 बजे जब वह वापस आया तो बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ तेंदूकोना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम घोघरा कच्ची मार्ग पुल के पास एक व्यक्ति लोगों को शराब पिलाने का सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी यशवंत पिता गिरधारी साहू (35 साल) घोघरा के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध एफआईआर

**महासमुंद।** बस्तर के लोहांडीगुड़ा से अपने गांव रायगढ़ जा रहे शिक्षक व एक अन्य की मौत के मामले में सरायपाली थाने में सफेद रंग की अज्ञात कार के चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट अर्जुन सिंह नागवंशी पिता रातुराम नागवंशी निवासी बहामा थाना लैलुंगा ने दर्ज कराई है। बता दें कि 4 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे बाइक से अपने पैतृक गांव घटगांव जा रहे जयराम नागवंशी पिता चमरसाय नागवांशी (32) निवासी ग्राम घटगांव लैलुंगा जिला रायगढ़, ओमप्रकाश नागवंशी पिता कुंवरसाय नागवंशी (16) निवासी ग्राम कठईबहला थाना बागबहार जिला जशपुर की अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद मौत हो गई।

# पीएम आवास योजना की किश्त रोकने और रिश्वत मांगने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी ने एक गंभीर मामला उठाया है, जिसमें योजना के तहत उनका आवास स्वीकृत होने के बावजूद उन्हें एक वर्ष से अधिक समय से एक भी किश्त जारी नहीं की गई है। आवेदक ने इसके लिए सीधे तौर पर स्थानीय सहायक सचिव पर किश्त रोकने और आवास का लाभ देने के एवज में रिश्वत की मांग करने का आरोप लगाया है। पिथौरा तहसील के ग्राम भीखापाली निवासी भागीरथी बंजारा ने बताया कि उन्होंने लगभग एक वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन दिया था। उनका आवेदन ऑनलाइन स्वीकृत भी हो चुका है, जिसकी आईडी नं. सीएच 119898103 में उनका पत्नी के नाम रजनी बंजारा प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक का कहना है कि आवास स्वीकृत होने और नाम सूची में होने के बावजूद उन्हें आज तक एक भी किश्त की राशि जारी नहीं की गई है। आरोप है कि स्थानीय सहायक सचिव जानबूझकर यह राशि रोक रहे हैं और जब आवेदक उनसे किश्त जारी करने के लिए संपर्क करता हैं, तो उनके द्वारा राशि की मांग की जाती है।

## भीखापाली निवासी भागीरथी बंजारा ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

### 6 माह पूर्व भी लगाई थी गुहार

भागीरथी बंजारा ने यह भी बताया कि वह इस संबंध में लगभग 6 माह पूर्व भी आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। लगातार चक्कर लगाने और सहायक सचिव की अनुचित मांग से बेहद परेशान हैं। यह मामला न केवल योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि गरीबों के हक पर भ्रष्टाचार को भी उजागर करता है।



### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील

आवेदक ने उच्च अधिकारियों और प्रशासन से निवेदन किया है कि वे इस गंभीर मामले का संज्ञान लें। उन्होंने मांग की है कि संबंधित विभाग को तत्काल आदेश प्रसारित किया जाए ताकि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अतिशीघ्र मिल सके। इसके साथ ही, भ्रष्टाचार में लिप्त सहायक सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई अन्य पात्र लाभार्थी इस प्रकार की परेशानी का सामना न करें।

## कार्रवाई: ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मजदूरों को एडवांस पैसे देकर फंसा रहे दलाल

# यूपी ले जा रहे थे मजदूर दलाल, श्रम विभाग ने पकड़े 13 मजदूर, दलालों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/पिथौरा(ग्रामीण)

- उत्तरप्रदेश के बस्ती जिले के ईंट भट्ठों में भेजे जा रहे थे, मजदूर दलाल पर होगी एफआईआर

ग्रामीण अंचलों के गरीब मजदूरों को एडवांस के लालच में फंसाकर अन्य राज्यों में भेजने वाले मजदूर दलालों पर आखिरकार श्रम विभाग ने नकेल कस दी है। बुधवार को श्रम विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 13 मजदूरों को पलायन के दौरान पकड़ा, जिन्हें उत्तरप्रदेश के बस्ती जिले के ईंट भट्ठों में भेजा जा रहा था।

श्रम उपनिरीक्षक बेलारसन बघेल ने बताया कि पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ीपार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री बस का इंतजार करते मजदूरों को पकड़ा गया। जांच में पता चला कि पिथौरा के कुख्यात मजदूर दलाल नंदू महंती द्वारा अपने सहयोगी गंगाराम प्रजापति के जरिए मजदूरों को भेजने की कोशिश की जा रही थी।

इन मजदूरों में ग्राम मुढ़ीपार के गोविंद झरेका, राजेंद्र, डॉक्टर झरेका, तेजमोती, रामदास दीवान, ग्राम छिबर्रा के हेमसिंह ध्रुव, सकून बाई, श्रवण, किशन, और ग्राम गोड़बहाल के नवीन झरेका, मंजुला, प्रमिला, सश्मिता शामिल हैं। सभी को मौके पर ही रोककर पूछताछ की गई। गौरतलब है कि नंदू महंती के खिलाफ पहले भी तुमगांव थाना में अपराध क्रमांक 132/25 64(2)(एम), धारा 87, 144(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, जिसके बाद से वह फरार चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, पिथौरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से होकर चलने वाली बसों में रोजाना मजदूरों को रायपुर भेजा जाता है, जहाँ से उन्हें ट्रेन व अन्य साधनों के जरिए राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के ईंट भट्ठों में पहुंचाया जाता है। एक मजदूर ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि उन्हें पहले हजारों रुपए एडवांस के रूप में देकर कर्ज के जाल में फंसाया जाता है, फिर दिवाली के आसपास भट्ठों में भेजा जाता है, जहाँ उन्हें 500 से 700 रुपए प्रति हजार ईंट बनाने का भुगतान किया जाता है।

**मजदूरों ने किए चौकाने वाले खुलासे:** कार्रवाई के दौरान श्रम विभाग की टीम ने जब मजदूरों से पूछताछ की, तो उन्होंने चौंकाने वाले खुलासे किए। मजदूरों ने बताया कि हर साल त्योहारों के बाद उन्हें हजारों रुपए एडवांस देकर भट्ठों में काम के नाम पर ले जाया जाता है। लेकिन, एक बार वहाँ पहुंचने के बाद उनकी मजदूरी काट ली जाती है, पहचान पत्र छीन लिए जाते हैं, और उन्हें भट्ठों में 12 से 14 घंटे तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। कई मजदूरों ने यह भी बताया कि उन्हें घर लौटने की अनुमति भी नहीं मिलती, जिससे वे महीनों तक अपने परिवार से दूर रहते हैं।

श्रम उपनिरीक्षक बेलारसन बघेल ने कहा कि मजदूर दलाल के विरुद्ध पिथौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।



### प्रशासनिक मिलीभगत से मजदूरों का खुलेआम पलायन करा रहे दलालः विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को मजदूर दलालों द्वारा प्रतिदिन पलायन कराया जा रहा है। अन्य प्रदेशों में ग्रामीण रोजगार की तलाश में अपने बच्चों को साथ लेकर जा रहे हैं। जिससे गाँव तो विरान हो ही रहे हैं, साथ ही बच्चों को शिक्षा से वंचित भी होना पड़ रहा है। पलायन की गंभीर समस्या पर रोक लगाने में प्रशासन की भूमिका संदेहास्पद है। पलायन रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सख्ती नहीं बरतने के कारण पलायन दर में भारी वृद्धि हो रही है।

### जिले से पलायन पर नहीं लग रही रोक, आज भी बदस्तूर जारीः रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रोज़गार कभी भाजपा का एजेंडा नहीं रहा। यही कारण है कि पलायन हो रहा है। जिले से पलायन पर रोक आज भी नहीं लग रही है। कमाने-खाने के नाम पर आज भी परदेश जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर साल जिले के सभी ब्लॉकों में हजारों की संख्या में लोग यहां से परदेश की डगर नाप जाते हैं।

## नियम विरुद्ध नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट पोल लगाने का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 03, अयोध्या नगर में चल रहे आरसीसी नाली निर्माण कार्य में अनियमितताओं और मनमानी को लेकर स्थानीय निवासियों ने सख्त विरोध जताया है। वार्डवासियों ने सीधे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उच्च अधिकारियों, कलेक्टर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर नियम विरुद्ध स्थल परिवर्तन और स्ट्रीट लाइट पोल लगाने के खिलाफ तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।

वार्डवासियों द्वारा लिखे गए शिकायत पत्र के अनुसार, अयोध्या नगर वार्ड नं. 03 में आरसीसी नाली निर्माण का कार्य विगत दो वर्षों से निर्माणाधीन है, जो आज तक पूर्ण नहीं हो पाया है। लेकिन हाल ही में, नगर पालिका परिषद ने उस स्थल पर मनमाने ढंग से स्ट्रीट लाइट के पोल लगा दिए हैं, जहां एस्टीमेट के अनुसार आरसीसी नाली का निर्माण किया जाना चिन्हांकित है। यह नियमों और कार्य की योजना के सीधे विपरीत है। एक ओर जहां नाली का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है और अधूरा है, वहीं दूसरी ओर नाली के लिए प्रस्तावित जगह पर पोल गाड़कर कार्य को और जटिल बना दिया गया है।

### एस्टीमेट के विपरीत कार्य और स्थल परिवर्तन का आरोप

शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि नाली निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल के स्थान पर अन्य स्थल पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह स्पष्ट रूप से एस्टीमेट और प्रस्तावित नक्शे के विपरीत है और इसे नियम विरुद्ध बताया गया है। वार्डवासियों का कहना है कि इस तरह से नाली के स्वरूप और स्थल में परिवर्तन करने से नाली का अपेक्षित विस्तार प्रभावित होगा, जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। स्थानीय लोग इस मनमाने बदलाव का कड़ा विरोध कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि नाली का निर्माण पूर्व से प्रस्तावित स्थल पर ही कराया जाए ताकि योजना का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके।





महासमुंद। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर नगर के महामाया तालाब में महिलाओं ने दीप दान किया।

# अपनी ही ज़मीन का धान नहीं बेच पा रहा किसान, समर्थन मूल्य पर खरीदी से वंचित, कलेक्टर जनदर्शन में लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना तहसील के ग्राम ठाकुरपाली निवासी गरीब किसान सुदामा प्रधान ने अपनी ही भूमि पर बोए गए धान को बेचने के अधिकार के लिए शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पत्नी और बच्चों के साथ कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे सुदामा प्रधान ने बताया कि उन्होंने कई बार तहसील बसना और एसडीएम कार्यालय में आवेदन दिया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई समाधान नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि ग्राम अखराभांठा (तु.प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. गढ़फुलझर) में स्थित खसरा नंबर 144, रकबा 4.470 हेक्टेयर भूमि एक शामिल शरीक खाता है, जिसमें आवेदक सुदामा प्रधान और उनके भाई दुखीश्याम प्रधान का नाम दर्ज है। प्रधान का कहना है कि ज़मीन का आपसी हिस्सा-बंटवारा पहले ही हो चुका है।




परंतु, भाई द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में खाता विभाजन नहीं कराया जा रहा है। इसके बावजूद वह अकेले ही कृषि ऋण प्राप्त कर रहा है, धान विक्रय कर रहा है और फसल का पूरा लाभ स्वयं ले रहा है।

किसान सुदामा प्रधान ने कहा कि उन्होंने अपनी हिस्से की भूमि में धान की फसल बोई है, लेकिन खाता विभाजन न होने के कारण समिति द्वारा उनका धान खरीदी सूची में स्वीकार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब जबकि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, उन्हें अपनी मेहनत की उपज बेचने का अधिकार नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के स्पष्ट नियमों के अनुसार जिस किसान ने जिस भूमि में धान की फसल बोई है, वहीं किसान उस भूमि का धान समर्थन मूल्य पर बेचने का अधिकारी होगा।

लेकिन इस प्रकरण में, प्रशासनिक अधिकारी इस नियम को दरकिनार कर रहे हैं और पीड़ित किसान को कोई सहायता नहीं दे रहे हैं। बसना तहसील और एसडीएम कार्यालय के सैकड़ों चक्कर लगाने के बावजूद आवेदक को न तो खाता विभाजन मिला और न ही धान विक्रय की अनुमति।

## सहकारी समिति प्रबंधकों, ऑपरेटर्स का लोहिया चौक में मांगों को लेकर आंदोलन

# सोसायटियों में ताला लगा, हितग्राहियों को नहीं मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिलेभर के सहकारी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को और भी तेज कर दिया है। 3 नवम्बर से अब जिले के कुल 700 कर्मचारी तथा 182 डाटा एंटी ऑपरेटर्स भी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर है। हड़ताल के मद्देनजर सभी सोसायटी के दफ्तरों में ताला लटका। यहीं नहीं सहकारी समिति के तहत चलने वाली राशन दुकानें भी पूर्णतः बंद है। ऐसे में हितग्राहियों को राशन के लिए भटकना पड़ रहा है। बीते सप्ताहभर से सहकारी कर्मचारी ज्ञापन रैली के माध्यम से शासन-प्रशासन को आगाह कर रहे थे। अंततः अब लोहिया चौक में अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद है। इधर, अब सहकारी बैंक कर्मियों ने भी वेतन वृद्धि को लेकर मोर्चा खोल दिया है। बैंक कर्मी फिलहाल दफ्तरों में काली पट्टी लगाकर काम कर रहे हैं। बता दें कि सरकार 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदने वाली है। इसके पूर्व ही सहकारी कर्मियों तथा बैंक कर्मियों की हड़ताल से धान खरीदी के पूर्व की जाने तैयारियां तथा खरीदी बुरी तरह प्रभावित है। इसके पूर्व वर्षों में प्रबंधक कर्मियों तथा ऑपरेटर्स पृथक पृथक हड़ताल पर जाते रहे हैं। पहली बार प्रबंधक और ऑपरेटर्स एक साथ हड़ताल पर जा रहे हैं। इससे सोसायटी का ताला खोलने वाला कर्मचारी भी सोसायटी में नहीं दिखेगा।

### सहकारी बैंक कामकाज पूर्णतः होगा ठप

अब तक 3 बार से अधिक स्मरण पत्र संगठन ने शासन-प्रशासन को दिया है।

बता दें कि प्रदेश में कुल 2058 सहकारी समितियां हैं। जहां कुल 14 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें 2058 डाटा एंट्री ऑपरेटर्स हैं। जानकारी के मुताबिक धान खरीद में 3 प्रतिशत सूखत की मांग, डाटा एंट्री ऑपरेटर्स का आउटसोर्सिंग से भर्ती बंद किए जाने, मध्य प्रदेश की भांति समितियों को वेतन अनुदान देने, वर्ष 2024-25 में सूखत को मान्य करने जैसी मांगें संघ के ज्ञापन में लिखी गई है। इधर, दूसरी और शासन-प्रशासन ने आगामी 15 नवंबर से किसानों से धान खरीदी को लेकर तैयारियां प्रारम्भ कर रखी है। इस सिलसिले में विगत दिनों खाद्य सचिव छतीसगढ़ शासन की टीम ने जिले के विभिन्न समितियों का दौरा कर धान खरीदी कि आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया।



प्रदेश संघ के हड़ताल के आगाज के चलते प्रशासन ने समितियों में पहले से ही नए जूट बारदानें की व्यवस्था करा रखी है। ताकि, हड़ताल कि वजह से समस्याएं उत्पन्न ना हों। छतीसगढ़ सहकारी समिति महासंघ रायपुर एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के तकरीबन 16 हजार कर्मियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजय कोसरे और पंकज साव का कहना है कि एक तरफ जहां सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी आरम्भ करने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने धान खरीदी नीतियों को समितियों के साख के खिलाफ बताया है। संघ ने इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण आदि सभी को ज्ञापन सौंपा है। इसके बावजूद कोई भी पहल सरकार द्वारा नहीं होते देख अनिश्चितकालीन आंदोलन का रुख अख्तियार किया है।

साहू ने बताया कि महासमुंद जिले के तकरीबन 700 कर्मचारियों ने प्रदेश महासंघ के आह्वान का स्वस्फूर्त समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि रायपुर में हड़ताल के लिए जगह नहीं मिलने के कारण जिले के लोहिया चौक में शांतिपूर्ण हड़ताल का निर्णय लिया गया है। जिसमें रायपुर जिले के भी सहकारी कर्मी शामिल होंगे। सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक, लिपिक, सेल्समैन, चपरासी, चौकीदार ऑपरेटर के हड़ताल में शामिल होने के चलते समितियों मे पूरी तरह तालेबंदी की स्थिति रहेगी। जिला अध्यक्ष विजय कोसरे, संरक्षक पंकज साव, कौशल साहू, घनश्याम चौधरी, संतोष साहू, संतोष पटेल, प्रकाश, योगेंद्र, ईश्वर, ऋषि, रमेश, भेखराम, राजेश, मेदिनी, मनोहर आदि कर्मचारी शामिल है।

## सिमरन ने उत्तीर्ण की परीक्षा, बनी सीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- सिमरन कांग्रेसी नेता महेंद्र सिंह चावला की सुपुत्री, जयंती पर हुआ सम्मान

शहर की होनहार छात्रा सिमरन कौर चावला ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज के साथ शहर को भी गौरवान्वित किया है। सिमरन कांग्रेसी नेता महेंद्र सिंह चावला की सुपुत्री है और उनकी उस उपलब्धि के लिए बुधवार को गुरुनानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में उन्हें सम्मानित किया गया। बता दें कि नवंबर में राजधानी में हुई सीए की परीक्षा का मंगलवार को रिजल्ट आया। इनकी उपलब्धि पर समाजजनों के अलावा ईष्ट मित्रों ने हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**

### मर्चेंट एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि गोलबाजार के वरिष्ठ व्यापारी रामशरण अग्रवाल को विशिष्ट सेवा एवं छग के जाने-माने न्यूरो सर्जन एसएन मढ़रिया को उत्कृष्ट मानव सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन जितेंद्र बरलोटा, महेंद्र बागडोदिया, विमल बाफना, अजय देवांगन, बजरंग खण्डेलवाल, समाजसेवी ओमप्रकाश बरलोटा, जवाहर अग्रवाल, मनोज कंदोई, लोकेश तिवारी, अशरफ हुसैन, रजा खान, पार्षद मुरली शर्मा, शैलेष अग्रवाल, महासचिव कलीराम साहू, अनिल शर्मा सहित एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवा प्रकोष्ठ स्थापना दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ का स्थापना दिवस खम्हारडीह स्थित सतनाम भवन में मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के युवा कार्यक्रम में शामिल हुए। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया स्थापना दिवस पर युवा साथियों के टीम नियुक्ति की गई, साथ में संगठन विस्तार के साथ अनुशासन नियमावली के तहत आगे कार्य करने के लिए निर्णय लिया। इस मौके पर नवनिर्वाचित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। युवा प्रकोष्ठ स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू नवरंग, कोर कमेटी सदस्य डिकेंस टंडन, हेमलाल भारती महामंत्री,राजा बंजारे, सी एल जोशी प्रदेश सचिव राकेश बघेल प्रभारी संजय सारंग संरक्षक मोना खांडे उत्तर विधानसभा अध्यक्ष उमेश बर्मन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र रात्रे सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

### ट्रेन दुर्घटना, प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग

**रायपुर।** बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर हो गई। जहां दुर्घटना में कई यात्रियों की हताहत होने की खबर सामने आई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुर्घटना से प्रभावित सभी यात्रियों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शासन से मुआवजा देने की मांग की है।

### इंटर स्कूल वॉलीबाल प्रतियोगिता 7 से

**रायपुर।** सिटी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से 7 और 8 नवंबर को सप्रे शाला वॉलीबाल ग्राउंड बूढ़ापारा में स्व. लालजी निषाद स्मृति इंटर स्कूल वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सचिव जनकराम यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ स्तर पर होगी, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग प्रतिभागी होंगे।

### अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को महंगाई भत्ता, राज्य शासन ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को महंगाई भत्ता देने संबंधी आदेश राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) द्वारा 1 जुलाई, 2025 में 55प्रतिशत से 58 प्रतिशत पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है। आदेश में कहा गया है कि अखिल भारतीय सेवायें (मंहगाई भत्ता) नियम, 1972 के नियम-3 के तहत पुनरीक्षित दरें अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को लागू हो गई है। इसलिए राज्य शासन, राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को 1 जुलाई, 2025 से पुनरीक्षित दरों में महंगाई भत्ता भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करता है।

# भारत की जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, महासमुंद के 24 गांवों में होगा पूर्व परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/झलप

**झलप में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जनगणना निर्देशक कार्तिकेय गोयल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एसडीएम अक्षा गुप्ता और तहसीलदार जुगल किशोर पटेल रहे उपस्थित**





भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत महासमुंद जिले में व्यापक स्तर पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इस क्रम में महासमुंद तहसील के 24 ग्रामों में जनगणना पूर्व परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप में 5 से 7 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस का शुभारंभ जनगणना निर्देशक कार्तिकेय गोयल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, एसडीएम अक्षा गुप्ता एवं तहसीलदार जुगल किशोर पटेल की उपस्थिति रही।मास्टर ट्रेनर अशोक मिश्रा, संतोष मेंढे, वैद्यनाथ ने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना पूर्व परीक्षण की बारीकियों से अवगत कराया और जिम्मेदारियों के निर्वहन में सटीकता एवं पारदर्शिता रखने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान कक्षा-कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जनगणना निर्देशक कार्तिकेय गोयल ने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि यह देश की सामाजिक-आर्थिक जीवनरेखा का दस्तावेज है। प्रत्येक प्रगणक का कार्य राष्ट्रनिर्माण में प्रत्यक्ष योगदान है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जनगणना डेटा सरकार की विकास नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं का आधार है। अतः सभी प्रशिक्षु इस कार्य को पूरी ईमानदारी और सटीकता से करें। आज के प्रशिक्षण में 39 प्रगणक व 07 पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समन्वय की जिम्मेदारी संकुल समन्वयक सतीश तिवारी को सौंपी गई है।

गौरतलब है कि भारत की पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित करनी पड़ी थी, जिसे अब 2027 में आयोजित किया जाना है। भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़े प्रशासनिक अभियानों में से एक है।

यह देश की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, भाषाई, धार्मिक और प्रवास संबंधी सूचनाओं का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। वर्ष 2027 की जनगणना दो चरणों में होगी। इसमें मकान सूचीकरण, मकानों की गणना होगी। झलप में चल रहा यह प्रशिक्षण इन्हीं दोनों चरणों की तैयारी का महत्वपूर्ण अंग है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पुस्तिका भी वितरित की गई, जिसमें जनगणना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उद्देश्य और डेटा संकलन की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया है। कक्षा के भीतर प्रशिक्षण का वातावरण पूरी तरह शिक्षणात्मक और गंभीरता भरा रहा।

**पर्व : नगर कीर्तन यात्रा का जगह-जगह स्वागत, पूरा मार्ग झालर लाइटों से जगमगाया**

# झलप में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु नानक देव की 556वीं जयंती







हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप के तत्वावधान में प्रथम सिख गुरु एवं सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 556वीं जयंती बड़ी श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाई गई।

सुबह 5 बजे गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश फूलों की वर्षा के साथ किया गया। नीत-नेम, सुखमनी साहिब तथा संपूर्ण आशा दी वार के पाठ उपरांत निशान साहिब के चोले बदले गए और सहज पाठ साहिब की समाप्ति की गई। सुबह के दीवान में महिलाओं और बच्चों ने भक्ति भाव से कीर्तन, कविताएं और भजन प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण "सत नाम वाहे गुरु" के स्वर से गूंज उठा। इसके पश्चात दोपहर में गुरु का लंगर वरताया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने भाग लिया और सेवा, प्रेम तथा समानता की भावना को आत्मसात किया। शाम 5 बजे गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में पांच प्यारे की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में अमृतसर, पंजाब से आई विशेष गतका पार्टी ने अपनी युद्धकला का अद्भुत प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं रायपुर से आए शबद कीर्तन जत्थे एवं अरंड की बैंड पार्टी ने निरंतर शब्द-कीर्तन करते हुए पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बनाए रखा।

नगर कीर्तन का पूरा मार्ग झालर लाइटों की चकाचौंध से जगमगाया हुआ था, जबकि गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप का प्रांगण फूलों की सुंदर सजावट से सुसज्जित था। नगर कीर्तन मार्ग में रविदास समाज, मुस्लिम समाज, ग्राम पंचायत झलप के सरपंच, पंचगण और अन्य समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर गुरु महाराज का स्वागत किया। रात्रि में नगर कीर्तन के गुरुद्वारा साहिब पहुंचने के साथ ही अरदास एवं कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। तत्पश्चात गुरु का लंगर सभी ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को कराया गया। पूरे दिन झलप भक्ति, प्रेम और एकता के संदेश से गूंजता रहा। प्रकाश पर्व की रौनक देखते ही बनती थी। गुरु नानक देव ने सिखाया, नाम जपो, किरत करो और वंड छको। उनका यह उपदेश आज भी मानवता को सत्य, प्रेम और सेवा की राह दिखा रहा है। गुरु नानक देव के संदेशों से प्रेरित होकर संगत ने आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और मानवता की भावना को दृढ़ करने का संकल्प लिया। वास्तव में झलप में आज का दिन भक्ति, एकता और गुरु चरणों की महिमा से ओतप्रोत रहा।

### जनगणना ट्रेनिंग मोबाइल एप का उपयोग

**रायपुर।** नगर निगम के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड में जनगणना पूर्व प्रशिक्षण कार्य में संलग्न अधिकारियों और कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 6 नवंबर तक चलेगा। महात्मा गांधी सदन के सभागार में प्रातः 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। मंगलवार को प्रशिक्षण में जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा, संयुक्त निर्देशक अशोक मिश्र, उप निदेशक प्रदीप साव, उपायुक्त जसदेव बाबरा, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे। जनगणना निदेशक ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य पूरी तरह डिजिटल होगा। आम जनता के लिए स्व गणना का विकल्प रखा गया है।

### सहकारी समिति कर्मचारी हड़ताल पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेश भर के सहकारी समिति कर्मचारी और कंप्यूटर आपरेटर अपने लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि 4 सूत्रीय मांगों की अनदेखी से प्रदेश भर के सहकारी समिति कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर में धान खरीदी का बहिष्कार करेंगे।

## अमित बघेल के विरुद्ध थाने में एक और शिकायत, एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



क्रांति सेना संगठन के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा विभिन्न समाजों के गुरु, महाराज एवं भगवान पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अभी तक इस टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज, सिंधी समाज के लोगों ने थाने में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है, वहीं अब इस मामले में समाज सेवी योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को संयुक्त रूप से गंज थाने में जाकर अमित बघेल के विरुद्ध एफआईआर कर गिरफ्तारी की मांग करते हुए लिखित शिकायत की है।

- **समाज सेवी योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने गंज थाने में की शिकायत**

योगेश अग्रवाल ने बताया कि अमित बघेल के अग्रवाल समाज के आराध्य देव अग्रसेन महाराज के विरुद्ध अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी करने से सामाजिक कार्यकर्ता क्षुब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के सदस्य समाज होने के नाते, अपने पूरे समुदाय की गहरी पीड़ा, आक्रोश और आहत धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति करते हुए थाने में शिकायत की है। उन्होंने कहा कि अमित बघेल ने सार्वजनिक रूप से अग्रवाल समाज के पूज्यनीय एवं आराध्य देवता अग्रेसन महाराज के विरुद्ध अत्यंत अशोभनीय, अभद्र एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें चोरहा, लबरा जैसे शब्दों से संबोधित किया।

श्री अग्रेसन महाराज हमारे समुदाय के लिए केवल एक ऐतिहासिक व्यक्ति मात्र नहीं हैं, अपितु एक दैवीय शक्ति, एक कुल देवता और हमारी आस्था के केंद्र हैं। ऐतिहासिक एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के वंशज हैं। उनके प्रति इस प्रकार की घटिया एवं अश्लील भाषा का प्रयोग करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

**टेट अनिवार्यता को लेकर हैं नाराज**

## दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना देंगे छग के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



टेट की अनिवार्यता समाप्त करने छग के शिक्षक अब दिल्ली का रूख करेंगे। छग के शिक्षक 4 जनवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना देंगे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के वर्चुअल बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा पीएफआरडीए में जमा एनपीएस राशि भी कार्मिकों को वापस करने की मांग की जाएगी। धरना-प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर केंद्र सरकार एवं एनसीटीई को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सितंबर में पारित निर्णय में 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था। इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग-अलग तिथि में टीईटी की अनिवार्यता की गई है।

- **जो शिक्षक टेट क्वालीफाई नहीं, वे पदोन्नति के लिए होंगे अपात्र**

**दूसरे राज्यों के शिक्षक भी होंगे शामिल**

ना केवल छग बल्कि देशभर के शिक्षक 4 जनवरी 2026 को जंतर-मंतर दिल्ली में जुटेंगे तथा केंद्र सरकार से मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जिस तिथि से लागू की गई है, उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जाए। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में यह प्रदर्शन होगा। वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलूंन भारद्वाज, प्रदेश संयोजक विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, विवेक शर्मा शामिल हुए।

## महंगी बिजली, पूंजीपतियों को लाभ देने की साजिश : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश में बिजली बिल की बढ़ी हुई दर के विरोध में आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। मंगलवार को प्रदेश के प्रत्येक जिले में आम आदमी पार्टी ने महंगी बिजली को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। रायपुर में नलघर चौक में धरना-प्रदर्शन किया गया। ना रे बा जी करते हुए अपनी मांगे सामने रखकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है।

- **बिजली दर बढ़ोतरी के विरोध में आप का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन**

छत्तीसगढ़ की जनता बिजली बिलों से त्रस्त हो चुकी है। कई बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जाते हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

**पेश कर रहे हैं गलत डाटा**

प्रदर्शन के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता तख्तियां लेकर पहुंचे हुए थे। यहां उन्होंने शासन की नीतियों को लेकर सवाल उठाए। प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है। सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है सरकार भ्रष्टाचार कर रही है निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों?

सरकार लाइन लॉस 15-20% बताती है जबकि 3% से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल ने कहा, हम पूर्व में भी प्रदेशव्यापी प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी है। मुन्ना बिसेन, दुर्गा झा, परमानन्द जांगड़े नंदन सिंह, मिहिर कुर्मी, अजीम खान सहित अन्य कार्यकर्ता इस विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा बने।

## आरक्षक भर्ती परीक्षा 17 से 19 तक दो साल पहले जारी हुआ था विज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के तहत 17 से 19 नवंबर तक नौ जिलों में परीक्षा आयोजित की गई है। खास बात ये है कि इस सीधी भर्ती के लिए अब से दो साल पहले विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद से भर्ती प्रक्रिया अब भी धीरे-धीरे चल रही है।

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई है। यह प्रक्रिया अभी भी चल रही है।

भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आरक्षक (चालक) एवं आरक्षक (ट्रेडमेन) के पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट दिनांक 17. नवंबर से 19 नवंबर को रायपुर, धमतरी, दुर्ग, खैरागढ़, बिलासपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में निर्धारित परीक्षा स्थलों में आयोजित किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा इस संबंध में कहा गया है कि परीक्षा संबंधी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से संपर्क किया जा सकता है।

## पानी, सफाई और स्ट्रीट लाइट की समस्या महिलाएं नाराज, पार्षद कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर नगर निगम जोन 6 के शहीद राजीव पांडेय वार्ड में पेयजल की समस्या, सफाई में कोताही और स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर

महिलाओं ने मंगलवार को वार्ड पार्षद कार्यालय का घेराव किया। महिलाओं का कहना है, वार्ड के संजय नगर के आरडीए कॉलोनी, शैलानी नगर, बकरा मार्केट के आसपास के क्षेत्र और छत्तीसगढ़ नगर धरम नगर सुभाष नगर में नाली सफाई नियमित नहीं होने से नालियां जाम हो गई हैं। सफाई न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वार्ड पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता से शिकायत के बाद भी समस्या की जस है। शहीद राजीव पांडे वार्ड में पावर पंप बंद होने से छत्तीसगढ़ नगर धरमनगर में पानी की समस्या रही। जोन 6 के पास मोहल्ले की महिलायें उनके कार्यालय में समस्या बताने मंगलवार को सुबह वार्ड पार्षद कार्यालय पहुंचीं, उस समय उनका कार्यालय बंद रहा। पूछने पर पता चला कि पार्षद चुनाव प्रचार में बिहार चले गए, जबकि उनकी प्राथमिकता वार्ड की समस्या है। पूर्व पार्षद एवं जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव ने कहा कि वार्ड में इतनी सारी समस्या है और वार्ड के पार्षद का वार्ड में नहीं रहना उनकी उदासीनता को दिखाता है।

# केशवा में सफल 34 शिक्षार्थियों को किया गया उल्लास अंकसूची का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घर-घर साक्षर हर घर साक्षर अभियान को लेकर राज्य शासन के मंशा अनुरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला भर में किया जा रहा है।

इस अभियान को सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के दिशा-निर्देश, जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विजय लहरे के निर्देश पर जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा असाक्षरों को साक्षर करने का अभियान सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षार्थियों का सर्वे कर उल्लास केंद्र के माध्यम से जिलाभर में असाक्षरों का अध्यापन कार्य जारी है। शिक्षार्थियों का आकलन करने हेतु समय-समय पर राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभिया का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में में 23 मार्च 2025 को आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में जिला महासमुंद से



9940 शिक्षार्थी परीक्षा में भाग लिए। जिसमें सभी शिक्षार्थी सफल रहे। इस परीक्षा में सफल शिक्षार्थियों को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एनआईओएस के माध्यम से अंकसूची जारी किया गया है। जिसे जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम केशवा के 34 शिक्षार्थियों को अंक सूची का वितरण कर किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पा ध्रुव सदस्य जनपद पंचायत महासमुंद, कृष्ण कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा, कमल नारायण चंद्राकर जिला परियोजना अधिकारी, सांप बोस, तारिका कुंजाम एबीईओ, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी, ईश्वर चंद्राकर विकासखंड नोडल अधिकारी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, नीलिमा गोस्वामी प्रधान पाठक, संदीप साहू, पंचगण एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में समस्त सफल शिक्षार्थियों को अंकसूची का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पा ध्रुव ने 15 वर्ष से अधिक उम्र के समस्त असाक्षरों को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जारी साक्षरता अभियान के परीक्षा में शामिल होकर सफल होने की बधाई देते हुए अन्य आसपास के गांव वालों को भी पूर्ण साक्षर ग्राम बनाने में सहयोग करने का अपील की है। इसी तारतम्य में कृष्णा साहू ने इस अभियान की प्रशंसा की। कार्यक्रम में नीलिमा गोस्वामी, संदीप साहू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बरेकेलखुर्द में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 8 से



**महासमुंद।** पटेवा क्षेत्र के ग्राम बरेकेल खुर्द में साहड़ा देव युवा समिति द्वारा 8 नवंबर शनिवार से ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह खेल प्रतियोगिता मैट में प्रो कबड्डी के नियमों के अनुसार खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में कई आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष आत्माराम ध्रुव, उपाध्यक्ष संतोष नेताम, सचिव वीरेंद्र ध्रुव, कोषाध्यक्ष भूषण ध्रुव, सहसचिव शिवा ध्रुव, कप्तान चेतन ध्रुप, उपकप्तान कोमल, भक्त प्रहलाद ध्रुव, प्रकाश पटेल समेत ग्रामीण आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### एकता रैली का आयोजन आज

**महासमुंद।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च (एकता रैली) का आयोजन बेलसोंडा से लोहिया चौक तक आयोजित है। 1 बजे शहीद स्मारक में माल्यार्पण, स्वागत सम्मान, 2 बजे साई मंदिर में, 3 बजे ग्राम पंचायत खरोरा में सरपंच पंच द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा। सभी नागरिकों उक्त स्थान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने दी है।

### निधन

### झाड़ूराम साहू



**महासमुंद।** ग्राम बरोंडाबाजार निवासी झाड़ूराम साहू (90) का निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि 6 नवंबर गुरुवार को ग्राम च रो दा बां ध (भीमखोज) में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे अधिवक्ता मनीराम साहू के पिता थे।

## आयोजन : बागबाहरा में हुआ रजत कृष्ण पर किताब का विमोचन

# अपनी कविता से ऊर्जा लेने वाला कवि रजत कृष्ण : जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर के कवि रजत कृष्णा पर केंद्रित किताब साहित्य के स्टीफन हॉकिंग का विमोचन जैन भवन में किया गया। इस आयोजन में देश प्रदेश के तमाम साहित्य प्रेमियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पहले सत्र में रजत कृष्ण पर भास्कर चौधरी और नंदन द्वारा लिखी किताब 'रजत कृष्णः साहित्य के स्टीफन हॉकिंग' का विमोचन हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मंच पर वरिष्ठ कथाकार शीतेंद्र नाथ चौधुरी रायगढ़, कथाकार संपादक डॉ. परदेशी राम वर्मा भिलाई, सुप्रसिद्ध कथाकार कामेश्वर पांडेय कोरबा, समकालीन सूत्र पत्रिका के संपादक एवं सूत्र सम्मान के सूत्रधार विजय सिंह, रजत कृष्ण के गुरूजी सीपी तिवारी और वरिष्ठ पत्रकार पीसी रथ की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन हुआ। प्रथम सत्र का संचालन देश के चर्चित कवि भास्कर चौधरी ने किया।

इसके उपरांत रजत कृष्ण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विभिन्न लोगों ने अपनी बात रखी। विमोचित किताब के लेखक नंदन ने इस किताब की संकल्पना और निर्माण पर प्रकाश डाला। वहीं कवि आलोचक पीयूष



कुमार ने कृष्ण के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। पश्चात बागबाहरा के धनराज साहू ने कहा कि रजत कृष्णा में हमारे क्षेत्र की संस्कृति को दुनिया तक पहुंचाने का कार्य किया है। वरिष्ठ आलोचक जयप्रकाश ने रजत कृष्ण की कविताओं और उनके जीवन पर विस्तार से और गंभीर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि रजत कृष्ण उन कवियों में से हैं, जो अपनी कविता से ऊर्जा लेते हैं। कवि और कविता का परस्पर ऊर्जा लेने का यह विरल उदाहरण है।

जगदलपुर के कवि संपादक विजय सिंह ने कहा कि जब भी हम बागबाहरा की धरती पर आए हैं, रजत कृष्ण की कविताओं में उल्लेखित लोगों और जगहों को हमने देखा है। रजत को रजत कृष्णा उनके भाई शैलेश ने बनाया है। रजत कृष्ण के शिक्षक पीसी तिवारी ने कहा कि जब रजत स्कूल में पढ़ता था तो मुझे कहता था कि मेरे मन में बहुत सारे विचार आते हैं, मैं क्या करूं तो मैंने कहा कि इस कविताओं में फिर आओ निराला की कविताओं को पढ़ो और आज वह एक बड़ा कवि बन गया है। भिलाई के कवि अंजन कुमार ने कहा कि रजत कृष्ण की कविता हमारे भीतर शक्ति का संचार करती है। इस अवसर पर रजत कृष्ण की कविताओं और साहित्य में विशिष्ट योगदान को समझने के साथ ही उनके कस्बे के साथियों, छात्र-छात्राओं, गुरुजनों और परिजनों के अनुभवों को सुनने का दुर्लभ अवसर मिला।

द्वितीय सत्र में संचालन कवि पीयूष कुमार ने किया। मंच पर लेखक समीक्षक जयप्रकाश दुर्ग, स्वराज करुण, दलजीत सिंह कालरा बिलासपुर, अशोक शर्मा महासमुंद, पीसी रथ, रायपुर तथा रजत कृष्ण मौजूद रहे। इस सत्र में रजत कृष्ण की कविताओं का प्रवीण प्रवाह, निमाई प्रधान, विजय सिंह, नंदन, भास्कर और अनुभूति ने पाठ किया। बागबाहरा के जैन भवन में आयोजित इस आयोजन में कवि-लेखकों के प्रमुख पुस्तकों को भी प्रदर्शनी के लिए रखा गया। साथ ही छिंडवाड़ा, मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध कवि-कलाकार और गायक रोहित रूसिया के बनाए रजत की चुनिंदा कविताओं पर बनाए पोस्टर्स कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। इस आयोजन में देश प्रदेश के लगभग 200 साहित्य प्रेमियों और साहित्यकारों ने हिस्सा लिया, जिनमें बद्रीप्रसाद पुरोहित, कुंजबिहारी शर्मा, सूरज प्रकाश राठौर, सुबोध देवांगन, ओमकुमारी देवांगन, दीपक तिवारी, निमाई प्रधान, शैलेश, सुषमा, सोनू, योगेश, लोकेश आदि अनेक लोग उपस्थित थे।



## बीएड के छात्राध्यापकों ने शाला में बिताए अनुभव को किया साझा

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में गत 4 महीनों से जय हिंद कालेज के प्रशिक्षु बीएड के छात्र अध्यापकों द्वारा अपने शाला प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में शाला में बिताए समय का अनुभव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन बीएड के छात्र अध्यापक संजय प्रधान ने किया। और जीवन में कुछ अच्छा कर दिखाने और अपने लक्ष्य के बारे में बताया गया। छात्र अध्यापक किरण दीवान, चंद्रिका प्रधान, प्रियंका ध्रुव, संगीता बंछोर, पंकज दीवान, पीयूष पुष्पाकर, सुमीत दास ने भी अपने अनुभव साझा किए। किरण ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य जीएस कागजी, व्याख्याता दिनेश्वरी ध्रुव, वंदना शुक्ला, सविता गायकवाड़, मधुलिका यादव, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, अनीता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, नीलम सिन्हा, पेमेश्वरी साहू, डेनिस चंद्राकर, अभिजीत ध्रुव का विशेष योगदान रहा।



## कर्मा जागृति महिला मंच का दिवाली मिलन व आंवला नवमीं पूजन

**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच की दीपावली मिलन एवं आंवला पूजा का कार्यक्रम संजय कानन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम आंवला वृक्ष की पूजा आरती की गई। मंच की अध्यक्ष सती साहू ने सभी महिलाओं को पूर्णिमा एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। अंत में सभी महिलाओं ने वन भोज किया। चंद्रिका साहू, सरोजनी साहू, निर्मला साहू, कल्याणी साहू, फूलबासन साहू, अनीता साहू, बिमला साहू, पुष्पा साहू, मीता साहू, चनेश्वरी साहू, पद्मिनी साहू, सुषमा साहू, तुकेश्वरी साहू एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।



## पूर्व विधायक ने गुरुद्वारा में टेका मत्था

**महासमुंद।** गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व (गुरु नानक जयंती) पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने महासमुंद स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर श्रद्धापूर्वक मत्था टेका। डॉ. चोपड़ा ने गुरु नानक के उपदेशों पर चलते हुए समाज में सद्भाव और सेवा का संदेश दिया।

# धूमधाम से मनाया गया आंवला नवमी का पर्व, महाप्रसादी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम बरडीह शिव मंदिर परिसर में आंवला नवमी (अक्षय नवमी) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुजन आंवला पेड़ की पूजा कर पेड़ की परिक्रमा कर उसे जल चंदन अक्षत रोली फूल अर्पित किए और पेड़ के नीचे दीप जलाया। ग्रामीणों द्वारा प्रकृति के प्रति आस्था समर्पण और सेवा के भाव लिए कृतज्ञता प्रकट कर शिव मंदिर पर आंवला वृक्ष के नीचे समस्त ग्रामीण जन एकत्र हुए, जो ग्रामीण संस्कृति एवं सभ्यता और एकता का प्रतीक रहा।

गौरतलब है कि कार्तिक मास को हिंदू धर्म में सबसे पवित्र और पुण्यकारी महीना माना जाता है। ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर इसी मास भगवान शिव को जल में थोड़ा



गंगाजल मिलाकर भगवान का विधिवत जलाभिषेक, भगवान को फल- पुष्प, विल्व पत्र, अक्षत इत्यादि से पूजन- अर्चन करना पुण्यकारी माना जाता है। इसी को ध्यान में रखकर संस्कृति और विरासत में मिले आस्था के केंद्र ग्राम बरडीह में कार्तिक मास में सभी ग्रामीणजनों द्वारा ब्रम्ह मुहूर्त से स्नान ध्यान कर शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर नगर कीर्तन किया जाता है।

आस्था के केंद्र ग्राम बरडीह शिव मंदिर परिसर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित होकर में आंवला नवमी (अक्षय नवमी) के दिन शिव मंदिर पर आंवला वृक्ष के नीचे समस्त ग्रामीण जन एकत्र होकर पूजन अर्चन कर शिव शंकर भगवान भोलेनाथ के पंचाक्षरी मंत्र का जप करते हुए भगवान शिव के ध्यानस्थ हो शुभ जलाभिषेक के साथ विधिवत पूजन कर शिव कार्तिक महिमा की गीतों के साथ मौला नवमी को बड़े धूमधाम के साथ विधिवत मनाया गय। पश्चात सामूहिक रूप से भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया गया।

# संकरी गली में कीचड़ से राहगीर होते हैं परेशान



**महासमुंद।** चांडक पेट्रोल पंप गली से रेलवे पटरी की ओर जाने वाली गली में सफाई व्यवस्था से राहगीर परेशान है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि उनके घर के पास वर्षों से नाली की सफाई पालिका ने नहीं की है, जिसके कारण नाली में कचरा भरा हुआ है। और सफाई करने पर 15 फीट की दूरी में ही लगभग एक ट्रैक्टर मलमा निकलेगा। पालिका को लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई रिजल्ट नहीं निकला। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से ही उन्होंने इस संबंध में मुलाकात की है। वे आने को कहते रहे लेकिन किसी को फुर्सत नहीं मिली। मिश्रा ने बताया कि गली में एक मकान का पानी बहता रहता है। जिसके कारण कीचड़ से राहगीर परेशान है। पालिका चाहे तो मकान मालिक से स्वयं शुल्क वसूलकर इसे दुरूस्त कर सकती है और इसमें पालिका को कोई पैसा नहीं लगना है। फिर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लंबी गली के कारण रात में अंधेरा रहता है घर के सामने लगे बिजली पोल में दोनों ओर फोकस लाइट की व्यवस्था कर राहगीरों को सुविधा दिया जाना चाहिए।

# बाल विवाह मुक्त के लिए दिलाई गई शपथ

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत छात्रा आरती भोई का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पर कार्यशाला का आयोजन परियोजना के सेक्टर रूढ़ा में किया गया। मेधावी छात्रा सम्मान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पैकिन में पढ़कर 10वी टॉप 10में 6वां रैंक 98.3 प्रतिशत लाने वाली बिटिया आरती भोई का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उषा लाल कुमार पटेल सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। बाल विवाह का दुष्प्रभाव स्वयं के जीवन के साथ-साथ समाज को भी दूषित करता है। सेक्टर पर्यवेक्षक दीक्षा बारिक ने अवगत कराया कि वर्तमान में राज्य में बाल विवाह की दर 12 प्रतिशत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए हम सबको प्रयास करना है। प्रशासन के समस्त विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं जन सामान्य को भी समन्वय बनाकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास करना है।

बाल विवाह अर्थात कम उम्र में शादी समाज की प्रगति में बाधा



डालती है। बाल विवाह प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से देश की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती है। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विशेषरूप से महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बालिकाएं जल्द विवाह न करे। सबसे पहले सक्षम बनना आवश्यक है। बेटियां पहले सक्षम बने फिर विवाह करे। अभिभावक बेटियों, बहनों एवं महिलाओं को पढ़ाएं, उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे और समाज की प्रगति में सहयोग करें। शासन प्रशासन बाल विवाह रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत चरणबद्ध रूप से सेक्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शासन प्रशासन समाज की सहभागिता से अभियान चला कर कार्य कर रही है। हम लोगों को बाल विवाह एवं उससे होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना है। समाज के प्रमुख अपने अपने सामाजिक संगठनों में चर्चा कर जागरूकता लाने का कार्य करे। स्थानीय निकाय विशेष कर ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने का प्रयास करें। कार्यशाला में बाल विवाह से संबंधित अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई। सभी को बाल विवाह मुक्त के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास सभापति, ग्राम पंचायत के सरपंच समारू सिदार, समस्त आँगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में कृष्ण जन्म की सुनाई कथा

**महासमुंद।** शहर में साहू परिवार द्वारा स्व. बिंदा साहू व स्व.हरीश साहू की बारसी पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आमासिवनी से पधारे कथाव्यास अशोक महाराज द्वारा कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कार्यक्रम के यजमान सतीश साहू गीता साहू सपरिवार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू मौजूद रहे। कथा का पूजन अशोक कृष्णा महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया। कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में मंगलवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री, तिल लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रसायन शास्त्र की विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रोग्राम

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय साहू एवं पीतांबर बाघ के नेतृत्व में एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रोग्राम जेपी इंडस्ट्रीज (सूर्या वाटर फैक्ट्री) पदमपुर रोड कुटेला में आयोजित है।



### गणित किट पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण से लौटे अक्षय

**अरंड (पिथौरा)।** समीपस्थ ग्राम ठाकुरदिया खुर्द हायर सेकण्डरी के प्रभारी प्राचार्य व गणित के व्यख्याता अक्षय साहू ने विगत दिनों क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान भोपाल में पश्चिमी राज्यो के स्त्रोत शिक्षकों द्वारा निर्मित गणित किट पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें छग, गुजरात व गोवा के कुल 46 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें महासमुंद जिले से अक्षय साहू शामिल हुए। इसके लिए सुधीर प्रधान, कौतुक पटेल, हरिहर नाग, अंतर्यामी प्रधान, संजय प्रधान, राम नारायण, दुष्यंत चौधरी व ठाकुरदियाखुर्द के सरपंच मनोज सिन्हा ने हर्ष जताया है।

## आयोजन : प्रतियोगिता में क्षेत्र के करीब 60 कबड्डी टीमों ने लिया हिस्सा

# छुईहा में राज्य उत्सव कबड्डी स्पर्धा ठाकुरीपाली की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

छुईहा में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 टीमों ने भाग लिया। इसमें प्रथम ठाकुरीपाली, द्वितीय बसुलाड़बरी, तृतीय कौहाकुड़ा, चतुर्थ चौकबेड़ा, पंचम हाथीगढ़, षष्टम युवा स्पोर्ट्स भुरकोनी रहे।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि ग्राम पंचायत छुईहा के सरपंच एस कुमारी यादव, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, विनोद दीवान (भाजपा नेता), धनसाय ठाकुर (सचिव ग्राम पंचायत छुईहा), राहुल चक्रधारी, डागेश व सुप्रीय, लालाराम यादव (ग्रामीण सचिव), भोला राम दीवान (सचिव), एस राम दीवान (सचिव) रहे।



आयोजन समिति के अध्यक्ष दयालाल निषाद, कोषाध्यक्ष भोजराम यादव, उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव, सचिव मोहित दीवान, उपसचिव - भेखराम दीवान, सदस्य केशव ठाकुर, खिलावन ध्रुव, रमन यादव, अरुण दीवान, मनोज सिन्हा, भीम दीवान, लुमेश ठाकुर, पंकज दीवान, गंगेश कुमार, विकास यादव, तुलेश ध्रुव, नुमेश यादव, भुवन यादव, परमानंद ध्रुव, लोमेश यादव, परमेश्वर दीवान, चंद्रकुमार चक्रधारी, मिथलेश चक्रधारी, धनंजय यादव, भागवत दीवान, प्यारेलाल दीवान रहे।

कार्यक्रम में पंचराम दीवान शिवकुमार, सबेश दीवान, अश्वनी दीवान, पतित यादव, मुकेश सिन्हा, एसराम दीवान, भागवत दीवान, जीवन जगत, पुरन पटेल, कुशकुमार, डंकराम कुर्रे, कनकराम नायक, गोपाल चक्रधारी, सावित्री (ओकेश्वर दीवान) सरपंच तुपकबोरा, तोरण दीवान, हरीश दीवान, रूपन ठाकुर, निर्मल ठाकुर, धनेश्वर दीवान, शत्रुघ्न सिन्हा, गांव प्रमुख सेतराम चक्रधारी, कुमार दीवान, प्रहलाद साहू, गिरधर यादव, लालाराम, जत्तेराम दीवान, मेलाराम ठाकुर, भागीरथी सिन्हा समेत ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# स्पर्धा के लिए 5 बालिका खिलाड़ियों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के कोच एवं सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि महासमुंद में विगत दिनों आयोजित संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के आधार पर महासमुंद से 05 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित बालिका खिलाड़ियों में ट्विंकल यादव, अमीना खातून, प्रगति महंती, शिखा नायक, सिमरन जोगी सभी खिलाड़ी 06 से 09 नवंबर तक कांकेर में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल हैंडबॉल बालिका 17 वर्ष प्रतियोगिता में महासमुंद जिला की ओर से रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्रदीप चंद्राकर ने चयनित सभी हैंडबॉल खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने पर हर्ष जताया।



### नपाध्यक्ष ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**महासमुंद।** गुरूनानक देव के प्रकाशोत्सव पर नगर में सिख समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत स्थानीय नेहरू चौक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। उन्होंने पंज प्यारों का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति गुलशन साहू, जय देवांगन, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई सहित पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े एवं मुन्ना देवार, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, आयुष भोंसले तथा समाजजन जसबीर मक्कड़, मिंदर चावला, पप्पू चावला आदि उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ राज्योत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती राज्योत्सव-2025 का समापन समारोह जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में उत्साह और सांस्कृतिक धरोहर की गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

समापन समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, प्रकाश शर्मा, आनंद साहू, गौकरण साहू, पीयूष साहू, महेंद्र सिका, देवेंद्र चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, राजू यादव, मुन्ना साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर



विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता, विभागीय अधिकारी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में आम जनता मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस रजत जयंती राज्योत्सव-2025 के समापन कार्यक्रम में आप सभी के मध्य उपस्थित होकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्षों की यात्रा विकास, उपलब्धियों और जनसहभागिता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है, जिसके लिए प्रशासन पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने विभागीय स्टॉलों में नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि लोगों में योजनाओं के प्रति बढ़ती जागरुकता प्रदेश के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव है।

# जय ठाकुर देव गौ तीर्थ सेवार्थ गौठान में मवेशियों की सुरक्षित देखभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

धार्मिक तीर्थ स्थल खल्लारी में ग्रामीण संतोष कुमार यादव द्वारा जय ठाकुर देव गौ तीर्थ सेवार्थ गौठान के नाम से गांव के मवेशियों को बेहतर सेवा देने का काम कर रहे हैं। जिससे गांव में किसानों की फसल भी नुकसान होने से बच रही है। वहीं नेशनल हाईवे क्रमांक 353 में मवेशी अक्सर रात्रि के समय सप्ताह व महीनों में कई बार चार पहिया व भारी भरकम वाहनों से टकरा कर दुर्घटना के शिकार हो जा रहे थे, उसमें भी कमी आई है। यहां गौवंश सेवार्थ का का इसी वर्ष के सितंबर माह से शुरुआत हुई है, जो अब तक जारी है।



बता दें कि ग्राम पंचायत खल्लारी व समस्त ग्रामवासियों के विशेष मार्गदर्शन में खल्लारी के संतोष कुमार यादव ने अपने खल्लारी गांव के सभी छोटे-बड़े मवेशी जो रात्रि में बिल्कुल कभी भी पशुपालकों के घर नहीं जाते थे और गांवों के विभिन्न जगहों के चौक-चौराहों में रात्रि बसर करते थे। कई बार इन्ही मवेशियों के झुंड में रात्रि के समय जंगली जानवरों का हमला भी हो चुका है और वहीं मवेशी जो लगातार किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। इसके अलावा ग्राम पंचायत खल्लारी के करीब चार वार्ड नेशनल हाईवे क्रमांक 353 में बसी हुई है। जहां आये दिन अनेक मवेशी भी भारी भरकम वाहनों से टकरा कर दुर्घटना के शिकार होकर मर रहे थे। ऐसे में अनेक मवेशी (जानवरों) के सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक साथ रखने का व्यवस्था करने की योजना बनाई गई। उसके बाद से गांव वालों की विशेष सहमति व सुझाव, सहयोग से खल्लारी मार्ग स्थित ठकुरदिया परिसर की भूमि, जो साढ़े तीन एकड़ में फैली है, उसी जमीन के बाकी के अन्य हिस्से में मवेशी को सुरक्षित रखने परिसर को साफ-सफाई व दाने पानी के व्यवस्था कर गांव व खेत खलिहानों संहित इधर उधर घूम रहे मवेशियों को खोज-खोज कर लाया गया। तब से गांव के मवेशी अब एक जगह सुरक्षित है। खल्लारी में सेवार्थ गौठान में मवेशियों की अच्छी व्यवस्था व देखभाल के लिए खल्लारी के सामाजिक कार्यकर्ता व उपसरपंच तारेश साहू भी समय-समय पर यहां सुझाव व मार्गदर्शन के साथ व्यवस्था में लगे उन लोगों को प्रेरित करते रहते हैं।





### कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कार्तिक पूर्णिमा महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा की। वहीं तालाबों में दीपदान किया। महिलाओं ने भगवान शंकर और सूर्य देव को जल, फूल व प्रसाद चढ़ाकर कामना के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कौशल्या, लता, भारती, बबली, कलिंद्री, जय, शशि, मंजू, शकुन सरस्वती, ममता, रेखा, शिवकुमारी, लेख, माधुरी, मीना, नीलाम, मंजू, डाली, कुलेश्वरी, अनीता, अरूणा, उतरा आदि मौजूद रहीं।



# जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सतत कृषि मॉडल रहा तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

द न्यू होलीफेथ स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा यास्मीन यादव ने विकसित और आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत मेला 2025-26 में प्रतिमान 'सतत कृषि' का प्रदर्शन आयोजन स्थल आशीबाई गोलछा उमावि में प्रथम स्थान तथा जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजन स्थल स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2025-26 प्रतियोगिता शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में 'सतत कृषि' सामूहिक प्रोजेक्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा यास्मीन अध्ययन शील, विज्ञान के प्रति रुचि रचनात्मक, सृजनात्मक, प्रायोगिक प्रस्तुतिकरण विधिवत प्रस्तुत करती है।

प्रतिमान सतत कृषि के माध्यम से उन्होंने प्रेजेंटेशन में बताया कि यह प्रणाली पर्यावरणीय लाभ, आर्थिक लाभ, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता गुणवत्ता बढ़ाना तथा दीर्घकालिक, व्यवहार्यता सुनिश्चित कर भावी पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करेगी। मॉडल निर्माण द्वारा विश्लेषण किए कि यह कंबाइन मशीन है। इसके द्वारा ड्रिप इरीगेशन, क्रॉप हार्वेस्टर, कल्टीवेशन किया जाता है। इस प्रकार स्पष्ट किया कि यह सुलभ सुविधाजनक मशीन है। मार्गदर्शक शिक्षिका किवंदती साहू ने यास्मीन का मार्गदर्शन कर स्थान अर्जित करने में सहयोग प्रदान किए। इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा एवं विद्यालय शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# लाफिनकला में महिलाओं ने किया आंवला भोज और मानस गान

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से समीपस्थ ग्राम लाफिन कला में कार्तिक पूर्णिमा पर गांव के महामाई चौक की महिलाओं द्वारा आंवला भोज कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। महिलाओं ने बताया कि कार्तिक माह भर ब्रम्ह मुहूर्त में नदी के ठंडे जल में स्नान कर देवी- देवताओं की पूजा आराधना करते हैं और कार्तिक पूर्णिमा को सभी सदस्य राशि एकत्रित कर आंवला वृक्ष पूजन कर उसके नीचे पकवान बनाकर सामूहिक रूप से भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। साथ ही वहां जो भी श्रद्धालु आते हैं उनके लिए भी भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहती है। इससे लोगों में धार्मिक सद्भावना, पर्यावरण के प्रति प्रेम व भाईचारे की भावना बढ़ती है। वही मानसगान भी किए।



इस अवसर पर सेवती निषाद, कमलेश्वरी निषाद, अनिता निषाद, गीतेश्वरी साहू, टोमिन साहू, योगेश्वरी साहू, तृप्ति साहू, पवन बाई साहू, उर्वशी साहू, थनवारीन साहू, चित्ररेखा साहू, छाया साहू, डिगेश्वरी साहू, दीपांजलि साहू, जनक साहू, कीर्तनकार जगदीश साहू, सुकदेव साहू, गोवर्धन साहू, दीपेश साहू, भीषम साहू, प्रवीण साहू आदि उपस्थित रहें।

# शार्ट फिल्मों के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्योत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय महोत्सव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी जागरूक करने तथा नालसा एवं सालसा के योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्टाल लगाकर शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है।

अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि प्राधिकरण की अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर मिनी स्टेडियम में 2-4 नवंबर तक आयोजित होने वाले राज्योत्सव पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाल क्रमांक 21 पर लगाया गया। जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो के कुशल नेतृत्व में स्टाल लगवाकर यहां आने वाले नागरिकों को पंपलेट वितरण तथा कानूनी जानकारी प्रदान किए जाने के लिए एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं, प्राधिकरण के कर्मचारियों सहित प्रबंध अथवा आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों की ड्यूटी लगाई गई। नालसा एवं सालसा के योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं नालसा एवं सालसा द्वारा दिए जाने वाली कानूनी सुविधाओं के बारे में बताया गया। साथ ही शार्ट फिल्म को एलईडी के माध्यम से वीडियो दिखाकर लोगों को जागरूक किया गया है। इसके अलावा विधिक सलाह, विधिक सहायता, हमर अंगना, जनचेतना, हेल्पलाइन 15100, नालसा पोर्टल, एलएडीसीएस, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति एवं अभिरक्षा बंदियों के परिवारों को दिए जाने वाले विधिक सहायता, क्षतिपूर्ति योजना आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। स्टाल का अवलोकन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट) मोनिका जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर सहित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।



